(३) तृतीयकरुणा जावना उसेक्हतहै कि, सर्वजीवोंपरदया जावरखके कोईजीवकोदु खीदे-खतोउसको सुखीकरनेकी जावनारखे दयाकरनेके समयमे स्वधर्मीपरधर्मीका विचारकरे

(४) चतुर्थ मध्यस्थ भावना उसकहतेहैं कि पापिष्ट जीवपर जी रागद्वेष नकरे रागकरनेसे आतेजन्ममें पापिष्टकासयोग प्राप्तहोताहै और द्वेषकरनेसे दु ख प्राप्तहोताहै वास्ते पापिष्ट जीवको-

समझासके ऐसीशक्तीहोतो समझादेवे और नसमझेतोभी उसपर द्वेष नलावे

॥ बारह भावना ॥

॥ प्रथम अनित्यभावना ॥

पहिली अनित्यभावना ---शरीर, धन, कुटुंब, ये सर्वपदार्थअस्थिरहैं जहांतक इन वस्तुओंकेरहनेका संयोगबाधाहै तहांतकरहेंगी ये वस्तुए कायमरहने कीनहींहै वास्ते अस्थिर पदार्थों पर राग करना सो कर्मबंधनकाही कारनहैं गतजन्मोंमें ऐसे अनित्यपदार्थोंपररागधारनकियाथा वास्ते अनेकजन्ममरण सहनकरनापडे हेचेतन ! तुमदेव नित्यहैं तेरेस्वभाविकगुणभी नित्यहैं और आत्माका सुखभी नित्यहै वास्ते उनको छोडकर इसअनित्यपुद्गलमे क्यों मग्नरहताहै ? जितनेससारिकसुखहैं उनमें उनके साथहीदु ख रहताहै, फिरकालातरमें नरकादिकदु खसहनकरनेपडतेहैं वास्तेजडपदार्थोंपर रागद्वेष

करना ठीकनहीं, जहातक अनित्यपदार्थोंसे रागद्वेपदूरनहीं हुवाहै तहातक नित्यसुखप्राप्तहोनेका हीनहीं वास्तेहेचेतन ! नित्यसुखप्राप्तहोने ऐसा उद्यमकर, यहभावना भरतचक्रवर्त्तिनेभाईथी

॥ द्वितीय अशरणभावना ॥

इससंसारमें मेरेशरणभूत कोइभीनहीहै जिन २ लोगोकेवास्ते मैं पापकरताहु वे उनको सहनेकी-वक्तमे मेरेसाथनहीं होंगे मगर मुझअकेलेकोही वहदुःख सहनाहोगा वास्ते हेचेतन ! तू अज्ञानतासे कुटुंबकेलिये अनेकपापारंभकरताहै सोठीकनहीं, तू तेरेआत्माकेस्वभावका विचारकर, औरज्यो बनेत्योंवि भावकात्यागकर, बडे २ राजाओंकोंभीदुःखसेकोईछु-डानेवालानहींहै, नरकके अंदर विचित्रदुःखभोग-नापडेगा ऐसाविचारकर मोहमें दिग्मूढनहो, यहभा-वना अनाथीमुनिने भाईथी

॥ तृतीय संसार भावना ॥

ससार मे सगेसबधि जो मिलेहै वे सर्व अपने स्वार्थकेसाथीहैं, जिनको तू मेराकरकेमानरहाहै वेस्वार्थसिद्धहोनेपरतेरे से निगाहतकनही मिलावेगे यदि सुखचाहेतो केवलसमता भावरख यहभावना शालिभद्रजीनेभाईथी

॥ चतुर्थ एकत्व भावना ॥

आत्मा अकेलाही आयाहै और अकेलाही जायगा, स्वजनादि कोइभी सग आनेवाला नही है वास्ते जडपदार्थोंपर मोहकरना सो केवलदु ख का साधनहै, जो २ दु ख पडतेहै वे सर्व परस्मणताके फलहैं, हेचेतन ! एक आत्मस्वरूपके स्वभावमेरहना यहतेराकर्तव्यहै यहभावना नमिराजऋषीजीने भाईथी

॥ पंचम अन्यत्व जावना ॥

६ द्रव्यो मे केवल आत्मा "चेतन" पदार्थहै वास्ते अन्यजड द्रव्यों से मे अलगरहू, तदपि वस्तुत मेरेनहीहै, यहजावना मृगापुत्रजीने भाईथी.

॥ षष्ठम अशुचि जावना ॥

यहशरीर मलमूत्रसेजराहुवाहै, यदि ऊपरसेचमडा लगाहुवा न होतो महाजयदायक मालूमहोता-है, हेचेतन, शरीरकेनवद्वारोमेसे नित्यप्रतिमलवहनहोताहै, मोतूप्रत्यक्षदेखताहुवाजी क्यों वैराग्य को प्राप्तनहींहोता, तूप्रथमऐसेस्थानमे पैदाहोनाहै जो-किसवंसे घृणित्वहै, वहापरमातपिताके वीर्यका पान करके तैरा शरीरवढताहै, वास्ते हेचेतन तू ! ऐसे-अशुचि शरीरपुन धारन न करेऐसाउद्यमकर यहजावना सनतकुमारजीनेजाईथीन.

॥ सातमी आश्रव भावना ॥

मेरी आत्मा चिदानंदमयहै । लेकिन मिथ्यात्व, अव्रत, योग, और कषाय करके प्रवर्त्ततीहै वास्ते समह २ में नये २ कर्मआतेहैं और उसहीसे मलीनता पैदाहोतीहै वास्तेहेचेतन । इनकामोंकोरोक.
जितने २ ससारी सवधहै उतने २ सर्वआश्रव-आनेके कारनहै समय २ मे पौद्गलिकपदार्थों पर-रागकरना यहकेवलकर्मबंधनकाहेतुहै

कर्मबंधनके बीजभूत रागद्वेषकी प्रकृतियेंहैं औ-र उनके कारनसे शरीर, पुत्र, स्त्री, धन, मकान, अहंकारपैदाहोतेहै पुन २ यहमनुष्यजन्म मिलनेका नहीहै वास्तेहेचेतन । ज्योंबनेत्यों पुरुषार्थको का-ममे लाकर आश्रवकी प्रकृतीयें बंधकरनेकाउपाय-कर, यहभावना समुद्रपालजीनेभाईथी.

॥ आठमी संवर भावना ॥

समय१ मे जो कर्म जीव बांधतेहैं वे इससे रुकजातेहैं सवरभावके सतावनरास्तेहै ५ सुमति ३ गुप्ति २२ परिसह १० विधयतिधर्म १२ भावना ५ चारित्र हेचेतन ! तू उपरोक्त सवरके कारणोंको अंगीकार करले जिससेकि कर्मनआसके जवतक सवरभावना नहीभावेगा तवतक आत्माकाकार्य सिद्धहोनेकानहीं और भवभ्रमण भी मिटनेकानहीं इसप्रकारसे सवरभावना भावे यहभावना केशीगौतमजी नेभाईथी

॥ नवमी निर्जरा भावना ॥

पूर्वके कर्मोंकी निर्जराकरनेके भावोंको यहही उत्पन्नकरतीहै इसकेदोभेदहोतेहैं तद्यथा – अकामनिर्जरा और सकामनिर्जरा

अकाम निर्जराके वशसे प्राणी कि स्थिति ज्यों २ परिपक्क होतीजाय त्यों २ उपरचढतेजाते हे, अगरइसपरकोई प्रश्नकरेकी यहवात असत्तवतुल्याहे वास्ते कोईदृष्टांतदेकरवताओ. यथा- कोईभी पत्थर जोकी साफन हो, नदीमे डालदेनेके पश्चात् कालांतर करकेसाफहोजाताहै, तैसेही अकाम निर्जराकेवशसे प्राणी अपने आपउच्चस्थितिको प्राप्तहोताहै.

सकाम निर्जरा

इससे जीव तपश्चर्यादि व्रत करके उच्च स्थिति को प्राप्तहोता है. यह निर्जरा सिवायसज्ञी पचेंद्रि के कोई नहीं कर सकता है, इस निर्जरा को बारह प्रकार के तपकरके आदरकीजाती है, उन तपों के नाम

नवकारसी, पोरसी, आदि १० प्रकारकी तपश्चर्या करना उणोदरीतप, भोजनादिकमे एकदो ग्रास कम लेना, वृत्तिसंक्षेपतप रसत्यागतप.

सर्ववस्त्राभूषण अथवा अन्यचीजोका संक्षेपकरना रसत्यागतप सर्व या एक दो विगयों का त्याग करना, काय क्लेश तप–शरीरको कष्टदेना जैसे लोचादिकरना, अथवा सूर्यका आतापलेना संली नतातप अंगोपांग संकोच केररक्खे तथा इन्द्रिये और कषायों को वशमेरक्खे

अभ्यंतरतप, प्रायश्चिततप, मे जो२ दूषणलगेहो उनकीशुद्धमनसे गुरुके पाससे आलोचनालेवे, विन यतप देव गुरु और ज्ञानका विनय तथा वेया-वच्चकरना, स्वाध्यायतप, वाचना, पृच्छना, परा वर्त्तना अनुप्रेक्षा, तथाधर्मकथा करना ध्यानतप, धर्मध्यान तथा शुक्लध्यान, ध्याना काउसग्गतप–कायाको एकजगह स्थिर रखकरअभ्यतरगमें जिनेश्वरभगवान के गुणग्रामकरना इसप्रकार बारहतरहकेतप–स-मभावसे करूगातो मैरेपूर्वके कियेहुवे कर्मकि नि र्जराहोगी, यहभावना अर्जुनमालीजोनेभाईथी

॥ दसमी लोकस्वरूप भावना ॥

उर्ध, अधो, और तिर्छालोकमें सातराज रहेहु-वेहैं, उनके भीतर नीचेके सातनारकीके जीव त-था कहीं २ भुवनपति और व्यतरीकभी रहते हैं, तिर्छालोकमे मनुष्य, तिर्यंच, और व्यतर के स्था-नहै, उपर के सातराजों के उपर सिद्धमहाराज निर्मलसिद्धशिलाके अग्रभागपर विराजते हैं त-था उनके उपर अलोकहै. यहभावना शिवराज ऋपिजीनेभाईथी

॥ इग्यारमी बोधबीज भावना ॥

जीवने समकितनहीं पाया वास्ते चारगतिमे भ्र-मणकरना पड़ा । वस्तुको अवस्तुपनसे मानलीहै वास्ते हेचेतन ! कुछपुण्यके योगसे मनुष्यजन्म-मिलाहै तथा साधकी सामग्री भी प्राप्तहुईहै सब तत्वातत्वकाविचारकर आत्मातथा पुद्गलको

सर्ववस्त्राजूषण अथवा अन्यचीजोंका सक्षेपकरना रसत्यागतप सर्व या एक दो विगयों का त्याग करना, काय क्लेश तप–शरीरको कष्टदेना जैसे लोचादिकरना, अथवा सूर्यका आतापलेना सलीनतातप अगोपाग सकोच केररक्खे तथा इन्द्रिये और कषायो कों वशमेरक्खे

अन्यतरतप, प्रायश्चिततप, मे जो२ दूषणलगेहो उनकीशुद्धमनसे गुरुके पाससे आलोचनालेवे, विनयतप देव गुरु और ज्ञानका विनय तथा वेयावच्चकरना, स्वाध्यायतप, वाचना, पृच्छना, परावर्त्तना अनुप्रेक्षा, तथाधर्मकथा करना ध्यानतप, धर्मध्यान तथा शुक्लध्यान, ध्याना काउसग्गतप–कायाको एकजगह स्थिर रखकरकअतरगमें जिनेश्वरजगवान के गुणग्रामकरना इसप्रकार वारहतरहकेतप–सजावसे करुगातो मैरेपूर्वके कियेहवे कर्मकि निर्जराहोगी, यहजावना अर्जुनमालीजीनेजाईथी

॥ दसमी लोकस्वरूप जावना ॥

ऊर्ध, अधो, और तिर्छालोकमें सातराज रहेहु-येहैं, उनके भीतर नीचेके सातनारकीके जीव त-था कही २ जुवनपति और व्यंतरीकजी रहते है, तिर्छालोकमे मनुष्य, तिर्यंच, और व्यंतर के स्था-नहै, उपर के सातराजों के उपर सिद्धमहाराज निर्मलसिद्धशिलाके अग्रजागपर विराजते हैं. त-था उनके उपर अलोकहै यहजावना शिवराज ऋषिजीनेजाईथी.

॥ इग्यारमी बोधवीज जावना ॥

जीवने समकितनहीं पाया वास्ते चारगतिमे ज्र-मणकरना पमा । वस्तुको अवस्तुपनसे मानलीहै वास्ते हेचेतन ! कुछपुण्यके योगसे मनुष्यजन्म-मिलाहै तथा साधकी सामग्री जी प्राप्तहुईहै सब तत्वातत्वकाविचारकर आत्मातथा पुद्गलकों

दानंचेति गृहस्थाना। षट् कर्माणि दिनेदिने ।२।

इसगुणस्थानवर्त्ति जीवके ६७ प्रकृतिकाबध तथा ८७ की उदय उदीर्णा तथा १३८ की सत्ता-होतीहै.

इसकी स्थिती जघन्य अतर्मूहुर्त्त तथा उत्कृष्ट देशन्यूय (८ वर्षन्युन) पूर्वकोडीकी होतीहै,

इसके वादसातगुणस्थानो की समान स्थिती हो-तीहै तद्यथा

(श्लोक)

अत परप्रमात्तादि सप्तगुस्थानके ॥
अतर्मुहूर्त मेकैकं प्रत्येक गदिता स्थिति ॥ १ ॥

भावार्थ— इसके वादप्रमतादि सातगुणस्थानों की स्थिती उत्कृष्ट अनर २ मुहूर्त्त की तथाजघन्य एक २ समयकी होती है

॥ षष्टम सर्वाविराति (प्रमत्त)
॥ गुणस्थान ॥

इसका अधिकारी अणगार माधूहोता है यह-
मुनिराज पचमहाव्रतपालक छकायरक्षक माधूक-
री भिक्षाकाभोगी होताहै

विषययोग समझकर इसस्थानपर पाचोमहाव्र-
तों की व्यवहार तथा निश्चयसें व्यारयाकरतेहैं

॥ अहिंसा महाव्रत्त ॥

व्यावहार —त्रसस्थावर जीव की हिंसा करेन-
हीं, करावेनहीं करते को अनुमोदे नहीं मन, व-
चन और कायाकरके

निश्चय — रागद्वेप करके अपनी आत्माकों न-
हने (मलीन न करे)

२ सत्य महाव्रत्त ॥

व्यवहार - कोई प्रकारका झूठवोले नहीं, वो-लावेनहीं, वोलते को अनुमोदनहीं, मन, वचन और काया करके,

निश्चय- पौद्गलिकवस्तु कों अपनी न कहै,

३ अस्तेय महाव्रत्त ॥

व्यावहार- कोई प्रकार की चोरी करेनहीं, करा-वेनहीं, करतेकों अनुमोदे नहीं, मनवचन और कायाकरके,

निश्चय- आठकर्मों की वर्गणा जोसमय २ में जीवग्रहण कररहाहै सोनकरे यानेसवर ज्ञावर-क्खे, ।

४ ब्रह्मचर्य महाव्रत्त ।

व्यावहार - देवता मनुष्य, तिर्यंच के पुरुष औ-

स्त्रीकें साथ मैथुन सेवेनहीं, सेवावे नहीं, सेव तो को भलाजानेनहीं, मन, वचन, और काया करके

निश्चय - परपुद्गलमे रमणता नकरे,

५ अपरिग्रहमहाव्रत ॥

व्यावहार – कोई प्रकार का परिग्रहरक्खेनहीं, रखावेनहीं रखतेको अनुमोदेनहीं मनवचन और कायाकरके

निश्चय – चौदह्प्रकारका परिग्रह्नरक्खे । मि थ्यात्व २ हास्य ३ रति ४ भय ६ शोक ७ दुगछा ८ पुरुषवेद ९ स्त्रीवेद १० नपुसकवेद ११ क्रोध १२ मान १३ माया १४ लोभ

इनपचमहाव्रत्तोको यदि दोनोप्रकारसें सिद्धक-रलेवेतो निम्नलिखित गुणोकी प्राप्तीहोनीहै

१ प्रथमव्रत सिद्धहोजानेसे हरएकप्राणीके साथ वैरभाव मिटजाता है अथवा उनके अति-शयसे दृष्टीगोचर जीवोका स्वभाविक वेरतकभी नष्टहोजाताहै.

२ दुसरे व्रत के सिद्धहोने से वचनकी सिद्धि होजातीहै

३ तीसरे व्रतके सिद्धहोनेसे नवनिधान प्रकट होजातेहैं

४ चौथे व्रतके सिद्धहोनेसे अनत वीर्यकी प्राप्तीहोजातीहै

५ पचमे व्रतके सिद्धहोनेसे भवभ्रमण कमहोजाताहै

इनके अतिरिक्त एकछठारात्री भोजनवृतहै सो-भोगेनहीं, भोगावेनहीं भोगेते कोअनुमोदेनहीं मन, वचन और कायाकरके.

यद्यपि इसगुणस्थान वर्त्ती मुनि उपरोक्त गुणो-करके सहितहोताहै, तथापि सज्वलन के कषायके तीव्रोदयसें १ मद २ कषाय ३ विषय ४ निद्रा ५ विकथा इनपाच प्रमाद सहितहोताहै इसलिये इ से प्रमतगुणस्थान कहतेहैं

यदिमुनिके सज्वलनके कषाका तीव्रोदयहो तो तात्कालनीचे गिरजाताहै और जोउसका उदय-कमहोजावेतो अतर मुहूर्त्तमें प्रमादरहित होजा—ताहै

जैसे कोई पुरुष अपने गृहपर साधारण भोजनक-
ताहै तथा किसी के यहांसे निमत्रण आने पर
खूब अपूर्व भुक्त मिष्टान्न खाताहै और कोई अपने
घरके सामान्य खान पान छोरु मिष्टान्न पर चित्त
रखता है औरजब वह नहीं मिलताहै तोउभयभ्रष्ट
होनाहै, तैसेही षष्टमगुणस्थान वार्त्तिजीव यद्यपि-
न्याय युक्त षडावश्यकादि क्रियाकर केवल पुण्य
प्रकृति मात्र का बधनकरलेताहै, मगर प्रमादस-
हितहोनेसे निरालबध्यानकी प्राप्तीनहीं होती,कारण
उभयभ्रष्टहोजाताहै इच्छातो निर्जरा की करताहै
मगर किसीसमय इतना प्रमाद वश होजाताहै
की पुण्य और निर्जरादोनो नहीं पासक्ता।

इसगुणस्थान पर चढतेही प्राणीके प्रत्याख्यानी
यक्रोध, मान माया और लोभ नष्ट होजाताहैं और
उसहीसें उनकी रागद्वेषकी श्रेणी पतलीहो जातीहै,
ससारसें राग छूटजाताहै, और शररकी ममता

दिन व दिन कम पड़ती जातीहै साधुवेषधारणकर निरती चार पालन करते हुवे जीवों को तारतेहैं,

इसगुणस्थान पर्त्ति जीव के ६३ प्रकृतिकाबंध ८१ कीउदय उदीर्णा तथा १३८ की सत्ताहोतीहै,

॥ सातवा अप्रमत्त ॥
गुणस्थान

यहगुणस्थान मुनिराजोके अंदर वर्त्तताहै, ज्यों २ सञ्ज्वलनके कषायकी मंदगति होती जातीहै त्यों २ प्रमादसें हटताहुवा इसगुणस्था पर आकर अप्रमादी होजाताहै

यद्यपि पंचप्रमादोके नामषष्टमगुणस्थानमें लिखचुकेहैं तदपि उन्होका कुछाविशेष खुलासा यहापर लिखदिखाते हैं

१ मद—जातिमद, कुलमद, रूपमद तपमद, बुद्धिमद, श्रुतमद, और लोभमद,

१ विषय–स्पर्शेंद्रीके आठविषय, हलका, भारी, रूखा, स्निग्ध, कोमल, करकस, शीत, और उष्ण

३ रसेंद्री के पाचविषय खट्टा, मीठा तीखा, कटुक, और कषायला

४ घ्राणेंद्री के दोविषय सुरभिगंध, दुरभिगध

५ चक्षु इंद्री के ५ विषय, पांचोवर्णजानना यथा लाल, नीला, पीला, काला, स्वेत

६ श्रोतेंद्री के तिनविषय सचित अचित, मिश्र शब्द

३ कषाय – क्रोध, मान, माया, लोभ, इनकी ३ चोकडियेंतो प्रथमही खपादी जातीहैं और सज्वलनकी जो बाकी रहती है वह भी पतली होती जाती है इसगुणस्थानमें आत्म विशुद्धि-जियादे होतीहै मगर ६ ठे गुणस्थानवाले जीव और ७ वे गुणस्थान वाले जीव बार २ फिरा

करतेहैं वास्ते ७ वे से फिर ६ ठे आजातेहैं

४ निद्रा— निद्रा, निद्रानिद्रा, प्रचला, प्रचला— प्रचला, स्त्यानर्द्धि

५ विकथा —स्त्रीकथा, भक्तकथा, देशकथा, राजकथा

इसस्थान पर मुनिराज अतीव विशुद्धतानव- र्तीहोजाताहैं

॥ श्लोक ॥

नष्टाशेष प्रमादात्मा । वृतशील गुणान्विता ॥
ज्ञानध्यान धनो मौनी । शमन क्षपणोन्मुख ॥१॥
सप्तकोत्तर मोहस्य । प्रशमाय क्षयायच ॥
सध्यान साधनारंज । कुरुते मुनिपुगव ॥ २ ॥

अर्थ -- प्रमादकों पूर्णरूपसें क्षयकरके पचमहा- व्रत तथा अठारह सहस्र शिलागरथका धारकहो-

जाताहै, नित्यआगमका अभ्यास करता रहताहै, एकाग्रचितसे धर्मध्यानको ध्याताहै तथा मौनगुणयुक्तहोताहै तथा प्रकृतियोंको क्षपानेमें तथा उपशमानेमें उद्यतरहताहै

यह मुनि सातको छोड़ २१ प्रकृति मोहनीयकी क्षपाने मे वा उपशमानेमे उद्यम करतारहताहै

कारण इस गुणस्थान पर सिर्फ धर्मध्यान रहता है वास्ते उसका सङ्क्षेपसे विवरण करतेहैं

॥ धर्मध्यान ॥

इसके चार भेदहो तेहै —तद्यथा —

१ आज्ञा विचय—अरिहत भगवतने जो आज्ञा फरमाइ उसपरदृढश्रद्धाररक्खे तथा नय निक्षेपादि विचारकरके तन्मयी होजावे

२ अपायविचय -इसपाये पर वर्तने वाला जीव यह विचारकताहै " मै ससार में कर्मकेवशमलीन

गिना जाता हु परतु मेरा स्वभाव मलीन नहींहे, कपायादिके वशसे परपुद्ग में रमणताकरता हू, मगर सचमे देखा जावे तो अनतज्ञानमयी, अनतचारित्रमयी, अनतवीर्य, अक्षय, अविनाशी और निराकारादिमेरेलक्षणहैं ”

३ विपाकविचय–जिसवख्तमें जैसे २ कर्मउदय आवें उस २ वख्तमे उसको समभावसे भोगवे, प्रकृति वध, स्थितिवध रसवध प्रदेशवध जिस प्रकारसे पडेहें। सतोषसे सहन करें

४ सस्थान विचय–१४ राजालोकका विचार करे कि ७ राजलोकतो सातों नरक ने दाबरक्खेहें बीच मे १८०० योजनका तिर्छालोकहै, उसपरदेशन्यून ७ राजउपरहें उनके अतमे सिद्धशिलाहे इतनी जगहमें यह आत्मा भ्रमण कर आयाहे वास्ते यह भ्रमणमिटजावे वेसीकोशीस करना

चौदह राजलोक

१ धम्मानरक २ वशानरक ३ शेलानरक ४ अजणा नरक ५ रिठानरक ६ मघानरक ७ माघवती नरक यहसात अधोलो कराज ८ तिर्छालोकसे सौधर्म देव लोक तक ९ इशान से माहेंद्रतक १० ब्रह्मसे लातक तक ११ शुक्रसें सहस्रारतक १२ आणत से अच्युततक १३ नोग्रेविकतक १४ विजयानुत्तर विमान सें सिद्धशिलाके उपरलोकके अततक-ये सात उर्द्ध राजलोक एव १४ हुवे

इतनी जगह पर यह आत्मा अनती वार फिर आया है वास्ते हे आत्मन, एसाकृत्य कर जिससें तैरा यह जवभ्रमण मिटजावे इन के शिवाय १ पदस्थ २ पिंडस्थ ३ रूपस्थ और रूपातीत इन ध्यानो मेंसे प्रथमके ३ इसगुणस्थनापर प्राप्तहोजाते है व अंतिमका ८ वेपर होजाताहै.

इनका स्वरूप ग्रंथांतरसे जानना

इस गुणस्थानवर्त्ति जीव के षडावश्यकादि कृत्य नहीं होते कारण की यह व्यवहार क्रिया है और उनके आत्म गुण मलीन न होने में निश्चय सामा यक में ही प्रवृत्ती करतेहैं यथा –गुणस्थान क्रमा रोहे

(श्लोक)

इत्येतस्मिन् गुणस्थाने। नोसत्या वश्य कानिषट् ॥
सतत ध्यान स योगा। च्छुद्धि स्वाजाविकीयत ॥१॥

इसगुणस्थानपर ५९ प्रकृतिका बंध ७६ का उदय ७२ की उदीर्णा और १३० की सत्ताहो तीहै

इसकी स्थिती जघन्य एकसमय तथा उत्कृष्ट अंतर मुहूर्त्त की जानना

॥ आठवाअपूर्व करण ॥
गुणस्थान

इसगुणस्थानपर पूर्वमें नहीं आये हुये भावप्रगट होतेहै, वे ये हैं -

१ रसघात २ स्थितिघात ३ गुणश्रेणी ४ गुणसक्रम ५ अपूर्वस्थितिबध ये पाच अपूर्व गुणप्राप्त होतेहैं.

इसगुणस्थानपर दोश्रेणिये होतीहैः—उपशम, क्षेपक

जो जीवउपशम भावसे चडताहै अवह अपनी प्रकृतियें उपशमाताहुवा ग्यारहवे गुणस्थान पर जाकर पुन· मिथ्यात्व पर गिरजाताहै तत्पश्चात-किसी समय क्षायक भावलेकर मोक्षचलाजाताहै वह अवश्य केवलज्ञान लेताहै.

क्षायक श्रेणी वालेके वास्ते यहगुणस्थान सूर्योद-यके पहिले अरुणोदयतुल्यहै

इसगुणस्थानपर समकित मोहनीका उदय नहीं रहता कारणकी सातवेके अततक उसकानाश हो-जाताहै

इसगुणस्थानपर शुक्लध्यानका प्रथमपाया 'पृथ-क्त्त्ववितर्क सप्रविचार" प्रगट होजाताहै

पृथक्त्त्वयाने भिन्न २ वितर्कयाने श्रुतावलबी स्थिरो प्योग, सप्रविचार याने निर्मलकल्पना सहित

इसगुणस्थानवाला प्रथमतो शुक्लध्यानसें विचार करताहै परन्तु पीछेसें स्वभाविक ज्ञानप्रकट होजा ताहै

इसगुणस्थानपर कृत्रिम हगादिक ध्याननहीं होते ज्ञानावर्णीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय येथा-

तिकर्म यद्यपि उदयमें हैं तदपि इनका रस पतला-पड़जाताहै

मोहनीय कर्मकी जो १३ प्रकृति रहतीहैं सोकेवल निरसही होतीहै

जब मुनि उपशम श्रेणीगत इसगुणस्थानपर रहताहै तब वज्रऋषभनाराच, ऋषभनाराच तथा नाराच इन तीन संघयण युक्तहोताहै

यदिउपशमश्रेणीवाला जीव अल्पायुषीहो और उसही श्रेणीमें मृत्युहोजावेतो सर्वार्थ सिद्धदेवही होवे परंतु जोप्रथमसंघयण युक्त होवे सोही पंचम अनुत्तर विमान में उपजे अन्यनहीं यथा.

॥ गाथा ॥

छेवट्ठेणउग्गमई । चउरोजाकप्पकीलिआईसु ॥
चउसु दुदुकप्प वुट्टी । पढमेण जाव सिद्धात्रि ।१।

तथा जोसप्तलवाधिक आयुष्यवालाहो वह मु-
क्तियोग्यभी होसक्ताहै

यहा प्रश्नपैदाहोताहै की उपशम श्रेणी वाला कै
सेमोक्ष प्राप्तकर सक्ताहै ?

उत्तर मुहूर्तके एकादशवे भागकों लव कहतेहै
यथा – "लव सत्तहत्तरीए होई मुहूत्तो 'सो उत-
नी आयुष्यमें वह आठवेसे सातमें पर आकर पुन
क्षायक श्रेणी प्राप्तकर मोक्षही जाताहै

बाकीके सघयणवालातो नियमा ११ वें पर जाकर
प्रथमपर आजाताहै

और जो क्षायक श्रेणीगत होताहै वहतो अवश्य
मोक्षही लेताहै

इसश्रेणीवाला साधु नित्यनासाग्रध्यान रखक-
र पर्यंकाशन (पद्मासन) करनिर्मल आत्मध्यानमें
लीनहोकर प्राणायाम करतारहताहै

प्राणायाम का विचार गुरुगम्यतासे जानना.

इसश्रेणीवाला मुनि निश्चय प्रथम संघयण यु
होताहै, कारण प्रथम संघयण विना मुक्तिहोन
सक्ती

इसगुणस्थानपर २६ प्रकृत्तियोका बंध ७२ का उ
६९ की उदीर्णा तथा १३८ कीसत्ताहोतीहै

इसकी स्थिति सातवेके सदृश जानना.

नवमा अनिवृत्तिबादर गुणस्थान

अनिवृत्तिबादर याने अतिशयकरके बादरकष
को नष्टकरदिया अथवा "अनिवृत्ति" याने शुद्ध
रिणामोका फेरफारनहो और "बादर" बादर सपर
याने बादर कषायो कोनष्टकरना.

इसगुणस्थानपर अतिशय विशुद्धपरिणाम हो
नेहै

इसपर भी उपशम तथा क्षेपक दोनो श्रेणि यें होती हैं आठवेंके अतहीमें हास्य, रति, भय, शोक, दुगंच्छा ये नष्टहोजातेहैं

लौकिक रीतसें तो ये प्रकृतियें छठे में ही निकल जातीहैं मगर आत्माके शुद्ध अध्यव साय नवमें में होतेहैं वास्ते दर असल यहीं पर निकालनी चा- हिये ।

इसकेअतमें सज्वलन का क्रोध, मान, माया और लोभ तथा स्त्रीवेद और नपुंनसक वेद इन सात प्रकृतियोका अत होजाताहै

इसगुणस्थानपर १० कावध ६६ काउदय ६३ की उदीर्णा ओर १०२ कीसत्ताहोतीहै

इसकीस्थिति आठवें कें मुआफिक जानना.

॥ दसवां सूक्ष्मसंपराय ॥
गुणस्थान

यद्यपि जीव इसगुणस्थानमें सज्वलनके स्थूल लो भको अणुमात्र करदेताहै तदपि अतिविशुद्धभाव सें इसही के अतमें उसका सर्वथा क्षय कर देताहै

यदि इसगुणस्थान का अधिकारी उपशम श्रेणीवालाहोगा तो चडकरग्यारवे परआवेगाऔर क्षेपक श्रेणी वाला होगातो ग्यार वे कों छोडकरबारहवें पर जावेगा

इसगुणस्थानके अंतमें १७ प्रकृतियोंकाबंध ६० का उदय ५७ की उदिर्णा तथा १०२ प्रकृति की सत्ताहोतीहै

इसकी स्थिति नौवेंके तुल्यजानना.

ग्यारवां उपशांतमोह गुणस्थान

इसगुणस्थानका अधिकारी केवल उपशम श्रेणी वाला होताहै, क्षेपक श्रेणी वाला हो नहीं सक्ता कारण के वह उसलोभ को क्षपा देताहै

इसमें यद्यपि मोहनीय का उदय नहीं रहता तदपि सत्ता गत होनेसें पुन जागृत होजाताहै और उसही कारणसे वहां से गिरकर प्रथम गुणस्थान परआजाताहै जैसे की राखके अंदरढकी हुई अग्नी हवा के सयोग सें पुन जागृत होतीहै तद्वत् उप शमाया हुवा लोभ पुन मुक्तिकी इच्छासें जागृत हो जाताहै, कारणवहां से उसका अध पतन हो जाताहै

यदिइसगुणस्थानपर आयुष्य पर्ण करजावे तो सर्वार्थ सिद्धजावे और तदनविमोक्षजाने वाला

होतो सातवे पर ठहरताहै तथा पुन. आठवे पर चरुकर क्षेपकश्रेणी प्राप्तकर क्रमश: मोक्षचला जाताहै

इसगुणस्थान वाला अधिकसे अधिक अर्द्ध पुद्गलापरावर्त्तन तक ससारमें पर्यटन् करता है.

इसमे केवल एक सातावेदनीय का वध ५९ का उदय ५६ की उदीर्णा तथा १३९ की सत्ता हो तीहै

इसकी स्थिति दशवे के मुआफिक जानना

नोट

उपरोक्त ६ से ग्यारवें गुणस्थानर्प्यत उपशम श्रेण्याश्रयजघन्य तथा उत्कृष्ट दोनो ही अंतर मुहूर्त्त स्थिति होतीहै

॥ बारहवां क्षीण मोह गुणस्थान

इसगुणस्थानमें वीतरागीय लक्षण प्राप्तहोजातेहैं, कारणकी मोहनीय कर्म शुरुसे ही नष्ट होजाताहै

इस्में शुक्लध्यानका द्वितीय पाया प्राप्तहोजाताहै वहयहहै

२ एकत्व वितर्क अप्रविचार इससें प्राणी द्रव्य-गुणपर्याय, ज्ञान, दर्शन, चारित्र, सर्वकोएक वरतमे-समझमें लासक्ताहै तथा श्रुतावलवी कल्पना रहि-तहोताहै

इस्के अतमें शेष रही हुई ज्ञानवरणीयकी ५ दर्शनावर्णीयकी ५ तथा अतरायकी ५ प्रकृतियें ए-वम् १५ ये वध, उदय, उदीर्णा और सत्ता करके नष्टहोजातीहैं.

इसमे सातावेदनीकाबध ५५ प्रकृतियाका उदय ५२ कीउदीर्णा तथा ८८ प्रकृतिकी सत्ताहोतीहै

इसकी स्थिति ग्यारवेके मुआफिक जानना

॥ तेरवा सयोगी केवली ॥
(गुणस्थान)

इसगुणस्थानपर प्रथमसमयमे केवलज्ञान द्वितीय समयमें केवलदर्शन तत्पश्चात् यथाख्यातचारित्र तथा दानलब्धी, लाभलब्धी, भोगलब्धी, उपभोगलब्धी तथा वीर्यलब्धी आदिगुणप्रकट होतेहैं

इसगुणस्थानके अधिकारी तीनो योगोंकरकेसहित केवली महाराज होतेहैं.

यदि इस गुणस्थानपर जगत् गुरु श्रीतीर्थंकर महाराज होतो निम्नलिखित ऋद्धिके धारक तथा अतिशययुक्तहोतेहै.

चारों, निकायकेदेव जुवनपति व्यतर, ज्योतिषी, वैमानिक, श्राकर समवशरणकी रचनाकर-त्रिगडावनातेहै, उनके देशनाके समयमें वारह पर्षदा इकठी होतीहै, तद्यथा ।

१ पुरुष २ स्त्री इस्मे साधू, साध्वी, श्रावक, श्राविका का समावेशहोताहै ३ तिर्यंच ४ तिर्यंचणी ५ जुवनपतिदेव ६ जुवनपतिदेवागना ७ व्यतरदेव ८ व्यतरदेवागना ए ज्योतिषीदेव १० ज्योतिषीदेवागना ११ वैमानिकदेव १२ वैमानिकदेवागना येअष्ट महा प्रातिहार्यके धारकहोतेहैं वे ये है –

१ अशोकवृक्ष २ पुष्पवृष्टि ३ दिव्यध्वनि ४ चामरयुग ५ सुवर्णसिंहासन ६ भामडल ७ देवडुदुन्नी श्रौर ८ छत्रत्रय

ये प्रजुचोतीस अतिसय तथा ३५ वाणी गुणकरके युक्तहोतेहै (इनकास्वरूप श्रीसमवायाग सूत्रके ३४ में

समवायसें जानना) येप्रभु अपने २ समयमे न-यातीर्थ (साधू) साध्वी, श्रावक और श्राविका, प्रवर्त्ताते हैं तथा स्वय बुद्धहोतेहैं

इसगुणस्थानवर्तीजीव एकसमयमे षट्द्रव्यो को जानसक्ताहै तथा चौदहराजलोक तथा अलोक कों हथेलीके सद्दश एकसमयमें देखताहै

किसिवक्तमे जबवेदनी कर्मविशेष बाकीरहजाताहै और आयुष्यकर्म रहजाताहै तो केवली समुद्घातकरतेहैं, प्रसगोपात समुद्घातका किंचित वर्णन करतेहै

समुद्घात उसे कहतेहैं की कर्मों के समूहकीघात (नष्ट) करना

। समुद्घात सातहोतीहैः-

१ वेदनी समुद्घात २ कपायसमुद्घात ३ मरणसमुद्घात ४ वैक्रियसमुद्घात ५ तेजससमुद्घात

६ अहारक समुद्घात ७ केवली समुद्घात

इनमेंसे केवली समुद्घात ८ समयमे करतेहैं तद्यथा

प्रथम समय मे आत्मप्रदेशो को दडतुल्यकरतेहैं, द्वितीय समयमे कपाटतुल्य, तृतीयसमयमे मथानतुल्य, चतुर्थ समयमे सर्वलोकमई करदेतेहैं तथा पुन पचमसमयमे सर्वलोकसे निवृत्तकरतेहैं, छठे समयमें मथानसे, सातवेसमयमे कपाट से और आठवे समयमे दडसे निवृत्त करतेहैं

जिसकी आयुष्य केवलज्ञान प्राप्तहोनेकेबाद षट् मासकी रहीहो वह्अवश्य समुद्घातकरे बाकी छमाससे अधिक आयुष्य वाले करें नचीकरें, यदाह ।

गाथा

छमास्सारुसेसे उपन्न जेसि केवलनाण ।

तेनियमा समुघाइय सेसा नमुघा यजइअव्वा॥२॥
समुद्घातकी निवृत्तिहोने वाद केवली सिर्फ
शुक्लध्यानका तीसरा पाया ध्याताहै वह यहहैः–

सूक्ष्म क्रिया अप्रति पाति

इस्के अन में केवल १२ प्रकृतिकी सत्तारहतीहै,
वास्ते सूक्ष्मक्रिया वाला रहता है पुन कभी अध.
पतन नहीं होता

तथा मन वचन और काया को रोंधकर चौदहवे
परचलाजाताहै

इसगुणस्थान की जघन्य स्थिति अतर मुहूर्त्त
की तथा उत्कृष्ट देशन्यून (८ वर्ष) पूर्व कोटिकी
होतीहै

इसगुणस्थान में वध सातावेदनीका–अन्तमे
वधरहित–इस्मे ४२ प्रकृति काउदय ३९ कीउदीर्णा
तथा ८५ की सत्ताहोतीहै

चौदहवा अयोगी केवली गुणस्थान

इसगुणस्थानपर आकर जीव शुक्ल ध्यान के चतुर्थ पायेको ध्याताहै वह यह है –

उछिन क्रियानुवृत्ति –इसमें शेषरही हुई १३ प्रकृति यों को खपाकर शैलेषी करण करलेताहै यानि मन वचम, औरकाया कों मेरूकी परे अचल करलेताहै तथा पचलघुअक्षर अ, इ, उ, ऋ, ऌ उच्चारण करने में जितना समयलगताहै उतनी वक्त इसगुणस्थानपर रहकर मोक्षचलाजाताहै

यहापर शिष्य आचार्य महाराजकों पूछताहैकी

१ हेप्रभो? योगहोतेहुवेजी अयोगी कैसे कहेजावें? क्यों की कायातो प्रत्यक्षनजर आतीहै

२ यदिसर्वथा काय योगका अभावहैतो देहा-

मात्रमें ऐसा प्रबलध्यान कैसेहोसक्ताहै ?

उपरोक्त दोनोप्रश्नो के उत्तर आचार्य महाराज इसप्रकार देतेहैं

हे शिष्य ! उनकी काया यद्यपि दृश्य मानहै, तदपि उसको काममेंनहीं लेतेहैं कारणकी उनको केवल निरालंबनध्यानहै, अपनी आत्माके शुद्धस्वरूप मेही लीनरहते हैं सबब शुक्लध्यानके चतुर्थपायेमें मग्नरहनेसें उसकायाके साह्यकी कोई आवश्यक्तानहीं है

इसगुणस्थान वर्त्ति जीव पचलघु अक्षर कालमात्रमें उदय व सत्ताकी सर्व प्रकृतियों क्षपाकर सिद्ध शिलापर पहूच जाता है पुन' उसका कभी ससार में आगमन नहीं होता

यहापर जिसप्रकार देहा याखकाहो उसही प्रकार उसके आत्म प्रदेश सिद्धावस्थामे होजातेहैं.

सिद्धमे लीन होती वरत आत्म प्रदेशो का तीसराभाग सकोच जाताहै यानी घन होजाताहै

यदियहापर कोई शकाकरे की जीव सिद्ध शिला से ऊपरक्यो नहीं जाता तो उत्तर मे विदतहो की इस्के आगे इसकों ले जानेकी साज्य भूत धर्मा स्तिकाय नहींहै इसीसेंनहीं जाताहै इस प्रकार गुणस्थानो स्वरूप सविस्तार सम्पूर्णहुवा

॥ शुभंभूयात् ॥

श्लोक

सर्वमगल मागल्यम् । सर्वकल्याण कारण ॥
प्रधान सर्व धर्माणा । जैन जयति शासनम् ॥ १ ॥

॥ दोहरे ॥

खरतर गच्छमें दीपता त्रैलोक्य सिंधु सुजानं ।
परउपगारमे झीलता बहुगुणरया है आन ॥ १ ॥

तिनके मुख्य सुयोग्य शिष्य आनदसागर महाराय।
विनयगुणे करि शोभता महिमावर्णि न जाय ॥२॥
उनकी आज्ञापायके गुणस्थान सुविचार।
ग्रथकियो यह पूर्ण हम रत्नपुरी मझधार ॥ ३ ॥
समकित वदन विलोकवा, सांचो दर्पणजान।
गुणस्थान दर्पण भणो मिलके भविक सुजान ॥४॥
सवत् वीर चौवीससौ ऊपर चालिस मान।
सितवैशाख वारसदिने गुरुवारकरजान ॥ ५ ॥
जैनक्षत्रीमें शोभतो गौडवश प्रख्यात।
तामें हमरो जन्महै तेजकरण थे तात ॥ ६ ॥
ओछो अधिको जोकह्यो लीजो सुजन सुधार।
शेरसिंह विनती करे क्षमिये वारवार ॥ ७ ॥

॥ संपूर्णम् ॥

ॐ शांतिः शांतिः शांतिः ॥

। श्रीजिनायनम ॥

॥ वीरपुत्र श्रीआनदसागरजी ॥

॥ कृत ॥

श्री भीनासर पार्श्वप्रभुस्तवनः

भीनासर पार्श्व प्याराहै ॥

जगत के सुखकारा है ॥ टेक०

दरशकों आया मै प्रभुजी। चतुर्विध सघ साराहै ॥ जनम पावन किया मैंने। सबही आनद--काराहै ॥ भि० ॥ १ ॥ जगत तीनो के नाथाहो। इस्मे हमको प्रमाणाहै ॥ सकल गुणके निधानाहो अखिल दोषों कों त्यागाहै ॥ भि० ॥ २ ॥ रागादि-दुष्ट शत्रुको। मूलसें तोडफाराहै ॥ अनत शक्तिके धारीहो। अवरनहीं तुम समानाहै ॥ भी० ॥ ३ ॥ फरेवी अष्ट कर्मोने। जबरू करआन घेराहै ॥ भया-नक रूप को देखा। थराथर देहकॉपाहै ॥ भी० ॥४॥

प्रज्ञुमुक कों तुम लेना । तुमाराही आधाराहै ॥ कृ-
पाकर तारलोमुककों । यही आर्जुहमाराहै ~ ॥ ५ ॥
आनदमल और सुगनचन्द ॥ दिलोंसें नक्ति
काराहै । जिनेश्वर की पूजारचकर ॥ कर्मोंका वृ-
न्द तौंमाहै ॥ नी० ॥ ६ ॥ सकल सघ नक्ति
के हेतु । स्वामीवात्सल्य कीनाहै ॥ जनम स-
फल किये अपने । नवोनव सुखकारा है॥नी०
॥ ७ ॥ वीर चौवीस्से चालिशमें । जेष्ट शुक्काद्धि-
तीयाहै ॥ नीनासर नग्रकेमाही ॥ ऊलाऊलठाठ
मचायाहै ॥ नी० ॥ ८ ॥ बृहत्खरतरमे दीपे ।
सुखसुरिन्द्रराया है ॥ तास शिष्य नगवान् गुरु,
विनयवन्त कहायाहै ॥ जिना० ॥ ए ॥ तासपट धर
त्रैलोक्यसिंधु । गुरुपट कों दिपायाहै ॥ कृपाकरी-
तारिये जिनजी । आनदने गुनको गायाहै ॥
जिना० ॥ १० ॥